वर्ष 29 अंक 11
पृष्ठ 26
बरेली, शुक्रवार
22 सितंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 6 TOP LEFT

डांडिया में पुरस्कार भी बरसेंगे

जागरण संवाददाता, बरेली : डांडिया रास का नाम जुबां पर आते ही मन प्रफुल्लित करने वाली सकारात्मक तरंगों से भर जाता है। शहर के लोगों को आनंद के ऐसे पल देने के लिए दैनिक जागरण पिछले कई वर्षों से डांडिया रास का आयोजन कर रहा है। बरेली संस्करण के गौरवशाली 28 वर्ष पूरे होने पर इस बार डांडिया का आयोजन नए कलेवर में होगा। कार्यक्रम में एंकर गजल के साथ रिदिम डांस ट्रूप चार चांद लगाएंगे। शहर के साथ आप भी तैयार हो जाइए 23 सितंबर को स्पर्श रिजार्ट में शाम आठ बजे से डांडिया रास की महफिल में झूमने के लिए। नवरात्र रंग मनाए जाएंगे डांडिया रास के संग। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ सह प्रायोजक एसआरएमएस इंस्टीट्यूट, मारिया डे, इंवर्टिस यूनिवर्सिटी और कॉमर्शियल टोयोटा बरेली हैं। अन्य सहयोगियों में क्रिएथिक्स पब्लिक स्कूल, आउटडोर पार्टनर जागरण इंगेज और रेडियो पार्टनर 91.9 एफएम रेडियो सिटी हैं। दैनिक जागरण के डांडिया रास को लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि इसमें पुरस्कार जीतने का मौका भी मिलेगा। कार्यक्रम में बेस्ट कपल, बेस्ट हेयर, बेस्ट फैमिली, बेस्ट एटायर, बेस्ट डांसर चुने जाएंगे। इसे लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिभागी लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

शहर तैयार

- 23 सितंबर को स्पर्श रिजार्ट में होगा दैनिक जागरण डांडिया रास
- बेस्ट कपल और बेस्ट फैमिली के साथ ही चुने जाएंगे कई प्रतिभागी